भारत में सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमो का प्रारंभ बहुत बाद में और छिट पुट ढंग से हुआ। देश में औद्योगिकीकरण 19वीं सदी के मध्यकाल से शुरू हो गया था अन्य देशो की तरह भारत में औद्योगिक श्रमिको को भी बीमारी दुर्घटना बुढापा प्रसूति बेरोजगारी आदि आकसमिकताओ की स्थित मे तरह तरह के आर्थिक संकट झेलने पडतें थें प्रथम विश्वयुद्व के समय देश में औद्योगिक करण की गति तेज हुई जिसके फलस्वरूप औद्योगिक एवं अन्य प्रतिष्ठानो मे श्रमिको की संख्या में व्यापक वृद्धि हुई उस समय एक औद्योगिक श्रमिकों ने अपने संगठन भी बनाने शुरू कर दिए थें 1919 ई. सदी में प्रथम विश्व युद्ध की समाप्ति के बाद व साईल्स की सन्धि के फलस्वरूप अंतराष्टीय श्रम संगठन की स्थापना की गयी औद्योगिक श्रमिकों के लिए सामजिक सुरक्षा की व्यवस्था के महत्व को स्वीकार करते हुए सरकार ने समय समय नियुक्त समितियां आयोग तथा श्रम के सम्बद्ध कुछ सम्मेलनो में इस विषय को विचारर्थ रखा सामाजिक सुरक्षा के सम्बद्व समितियां आयोग और सम्मेलनो के विचारो ओर उनकी सिफारिशो को संक्षिप्त उल्लेख नीचे किया जाता है।

- शाही श्रम आयोग 1929 ई०
- विहार श्रमिक जाँच समिति 1938 ई0
- बम्बई वस्त्र श्रमिक जॉच समिति 1937 ई०
- कानपुर श्रमिक जॉच समिति 1937 ई०
- श्रम मंत्रियों का पहला सम्मेलन 1940 ई०
- श्रम मंत्रियो का दूसरा सम्मेलन 1941 ई०
- श्रम मंत्रियों का तीसरा सम्मेलन 1942 ई०
- प्रो0 अदारकर की रिर्पोट तथा स्वास्थ्य बीमायोजना का विकास 1925ई0
- प्रसूति हित लाभ योजनाओं का विकास 1929 ई०
- उपदान योजना 1970 ई0
- बेरोजगारी के विरूद्व संरक्षा 1972 ई०
- सार्वजनिक सामाजिक सुरक्षा योजना
- अन्य योजनाएं

भारत मे सामाजिक सुरक्षा की आवश्यकता

भारत मे गरीबी रोग प्रसवकालीन मृत्यु तथा शिशु मृत्यु कीउची दरे कम औसत आयु बेरोजगारी एवं अर्द्ध बेरोजगारी आदि कठिनाइयो सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की आवश्यकता बढाती है। यह योजना सामाजिक सहायता के रूप में अथवा सामाजिक बीमा के रूप में चलायी जा सकती है। प्राचीन भारतीय समान्य में व्यक्ति विशेषआपसी सहयोग मेल जोल तथा संपर्क के आधार पर अपने आपको सामूहिक रूप से सुरक्षित समझता था

- आत्मनिर्भर ग्रामीण व्यवस्था
- जाति प्रथा
- सयुक्त परिवार प्रणाली
- दानव्यवस्था सामाजिक सुरक्षा का रूप था

भारत मे सामाजिक सुरक्षा संबंधी उपाय–

भारत मे सामाजिक सुरक्षा संबंधी अनेक उपाय किये गयें है। जिनके अन्तर्गत यह अधिनियम पारित किए गए है।

- श्रमिक क्षतिपूर्ति संशोधित अधिनियम 1984
- प्रसूति लाभ अधिनियम 1961
- कर्मचारी राज्य बीमा संशोधित अधिनियम 1984
- कोयला खान भविष्य निधि एवं विविध व्यवस्थाएं अधिनियम 1952
- अनुग्रह भुगतान अधिनियम 1972
- जमा समबद्ध बीमा योजना 1976
- सामाजिक सुरक्षा सर्टीफिकेटस

1 श्रमिक क्षतिपूर्ति संशोधित अधिनियम 1984 – यह अधिनियम मार्च 1923 मे पारित किया गया और 1 जुलाई 1924 से लागू हुआ इसमें अब तक कई बार संशोधन किए जा चुके हैं और अंतिम संशोधन 1984 में किया गया है। इन संशोधनो का उद्देश्य अधिनियम के सीमा क्षेत्र को बढाना व व्यवस्था कोम अधिक उपयोगी तथा अधिक प्रभावशाली बनाना रहा है इसके अधीन श्रमिक हर्जाना की व्यवस्था किसी रोजगार सम्बधी चोट या व्यवसायिक रोग के कारण श्रमिक की मृत्यु या असमर्थता को दूर करने के लिए की गयी है तथा इसका व्यय केवल सेवा योजक को उठाना पडता है तथा यह व्यवस्था औद्योगिक दुर्घटनाओ से श्रमिक के संरक्षण के लिए सेवा योजक के दायित्व के सिद्धांत का प्रतिपादन करती है। इसके अन्तर्गत क्षतिपूत्रि का अधिकार किसी श्रमिक को उसी समय होता है। जब कोई दुर्धटना या रोग हुआ हो तथा यह दुर्धटना या रोग काम के अन्तर्गत और काम के दौरान उनका वेतन कितना ही क्यो न हो जो श्रमिक कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 के अंर्तगत शामिल है। वे भी इसके अंतर्गत क्षतिपूर्ति पाने के अधिकारी है। अधिनियम के अंतर्गत धारा के अनुसार सेवायोजक इन दशाओ में क्षतिपूर्ति के लिए जिम्मेदारी नही होगा।

मृत्यु होने पर क्षतिपूर्ति कीराशि कर्मचारी कीआयु व आय के आधार पर निर्धारित की जाती है। उदाहरण के लिए 1000 रूपये महावार पाने वाले कर्मचारी की मृत्यु के समय आयु 20 वर्ष हैं तो क्षतिपूर्ति की राशि 90000 रूपये होगी इसी प्रकार ऐसे ही कर्मचारी की आयु 40 वर्ष की है। तो क्षतिपूर्ति 74000 व 55 वर्ष की आयु पर 54000 रूपये होगी इस प्रकार यदि 1000 रू0 पाने पाले की स्थायी अयोग्यता 20 वर्ष की उम्र हो जाती है। तो उसे 12000 रूपये क्षतिपूर्ति के रूप में दिए जायेगी यदि स्थायी आयोग्यता ऐसे ही कर्मचारी की जो 1000 रूपयें महावार पाता है। 40 वर्ष की उम्र पर होती हैं तो क्षतिपूर्ति की राशि 93000 रूपये व 55 वर्ष की उम्र में होती है। तो 68000 रूपयें

2 प्रसूति लाभ अधिनियम – प्रसूति लाभ महिला कर्मचारी को बच्चे के जन्म से पहले तथा बाद मे काम पर अनुपस्थित रहने पर दिया जाता है। यह अनुपस्थिति अनिवार्य होती है। जिससे स्वयं माता तथा उसके बच्चे के स्वस्थ्य कन्वेशन ने 12 सप्ताह की छुटटी के लिए व्यवस्था की थी भारत सरकार उस कन्वेशन को कुछ कठिनाइयो के कारण जैसे

महिला डॉक्टरों की कमी होने से अपने देश में लागू नहीं कर सकी फिर भी बहुत सी राज्य सरकारो ने समय समय पर इस विषय पर कानून बनाएं जैसे बम्बई राज्य द्वारा 1929 मध्य प्रदेश मे 1930 में बंगाल में 1939 में पंजाब मे 1943 में असम में 1943 मे विहार में 1945 मे महराष्ट्र में 1948 में तथा राजस्थान व उडीसा मे 1953 में विभिन्न अधिनियम में सीमा क्षेत्र पात्रता शर्तो लाभ दरों एवं लाभ अवधियों को देखतें हुए बहुत अन्तर रहता था अतः भारत सरकार ने एक रूपता लाने के उद्देश्य से 1961 मे एक नया प्रसूति लाभ अधिनियम पारित किया गया इस अधिनियम में यह व्यवस्था है। कि महिला श्रमिक के एक वर्ष से 160 दिन के सेवा काल के पूरा कर लेने पर 6 सप्ताह की छुटटी औसत वेतन पर दी जाएगी इसके अतिरिक्त नियोक्ता द्वारा 25 रूप्ये चिकित्सा भत्तें के रूप में और दिए जायेगे

सेवायोजक उसे औसत दैनिक मजदूरी की दर से इस लाभ का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होगा

3 कर्मचारी राज्य बीमा संशोधित अधिनियमः यह अधिनियम पूरे भारत के मौसमी कारखानो को छोड़कर सभी कारखानो मे जो शक्ति द्वारा चलातें जातें है। और 10 या ज्यादा श्रमिको को नियुक्त करतें है। या विना शक्ति के 20 या इससे आर्थिक श्रमिक कार्य करतें है लागू होता है। इसमें यह व्यवस्था की इसे किसी भी संस्था या संस्थानो पर जो औद्योगिक हो या व्यापारी या कृषि सम्बंधी या अन्य या पूरी तरह आंशिक रूप से लागू किया जा सकता है। इसमें ही हुई कर्मचारी शब्द की परिभाषा मे शारीरिक श्रमिक वर्ग तथा लिपिक सुपरवाइजरी एवं टेक्नीकल कर्मचारी शामिल है। किंतु यह उन पर लागू नही होता है। जिनकी वेतन या मजदूरी 1600 रूपये मासिक से ज्यादा है। यह जहाजी फोजी या हवाई सेनाओ में कर्मचारियों पर लागू नहीं होता।

बीमा योजना का प्रशासन—कर्मचारी राज्य बीमा निगम को सौपा गया है। इसमें केन्द्रीय राज्य सरकारो सेवायोजको एंव कर्मचारियों के संगठनो डॉक्टरो पेशे तथा तथा संसद सदस्यो के प्रतिनिधि शामिल है। एक छोटी समिति जो स्थायी समिति कहलाती है। निगम के सदस्यों से चुनी जाती है। तथा निगम की कार्यकारिणी का कार्य करती है। एक चिकित्सा लाभ कौसिल निगम को चिकित्सा लाभो के प्रशासन आदि से संबंधित मामलो पर सलाह देती है। निगम का मुख्य प्रशासक महानिदेशक होता है। जो क्षेत्रीय एवं स्थानीय कार्यालयों के द्वारा प्रशासन करता है। जो क्षेत्रीय एवं स्थानीय कार्यालयो के द्वारा प्रशासन करता है राज्य काम से क्षेत्रीय बोर्ड की स्थापना किए गए है। योजना की वित्त व्यवस्था कर्मचारी राज्य बीमा कोष द्वारा की जाती है।

1 बीमारी लाभः – व्यक्ति की बीमारी को दशाओ में उसे सामाजिक भुगतान किया जायेगा जिसे बीमारी लाभ कहेंगे बीमार की जॉच निगम के डॉक्टर या दूसरे डॉक्टर द्वारा होना आवश्यक है। बीमारी लाभ की दैनिक पर कर्मचारी की औसत दैनिक मजदूरी क आधे के बराबर होती है। किन्तु चूंकि लाभ बीमारी के सभी दिनो के लिए जिनमें इतवार और की दर मजदूरी के लगभग भाग के बराबर होती है। यह लाभ पहले दो दिनो की बीमारी के लिए नही दिया जायेगा यदि बीमारी का दौर 15 दिन के भीतर नही आता है। इस तरह मिलने वाला कुल बीमारी लाभ लगातार 365 दिनो के दौरान 56 दिन से अधिक के लिए मानसिक रोगो से पीडित 1960 से तपेदिक कोड कैंसर एवं मानसिक रोगो से पीडित

व्यक्तियो को यदि उन्होने दो वर्ष की लगातार सेवा की है। 56 दिनो के आलवा 309 दिन की अवधि तक बीमारी लाभ देने की व्यवस्था हो गयी है। जिसकी दर बीमारी दर विमारी दर की पूरी दर रखी गयी है।

2 असमर्थता लाभ– यदि कोई बीमाशुदा व्यक्ति इस अधिनियम के अन्तर्गत कर्मचारी के रूप में कार्य करते हुए किसी व्यवसायिक चोट जिससे अधिनियम की तीसरी अनुसूची मे दिये गयें कुछ व्यवसायिक रोग शामिल है के व्यवसायिक चोट शामिल है के फलस्वरूप होने वाली असर्मथता से पीडित हो जाता है। असमर्थता लाभ की पात्रता प्रमाणीकरण निर्धारित अधिकारी द्वारा होना आवश्यकता है। असमर्थता लाभ की दैनिक दर इस तरह रखी गयी है। अस्थायी अस्थायी असमर्थता की दशा में यदि ऐसी असमर्थता दुर्घटना का दिन छोडकर तीन दिन से अधिक रहती है। असमर्थता लाभ पूर्ण दर के बराबर असमर्थता के दौरान अवधिक भुगतान के रूप मे दिया जायेगा

आश्रित लाभ – यदि कोई बीमा दा व्यक्ति किसी व्यवसायिक चोट के फलस्वरूप मर जाता है तो अधिनियम के अन्तर्गत जिन आश्रितो को क्षतिपूर्ति पाने का अधिकार है। उन्हे आवधिक भुगतान दिया जायेगा जिसे आश्रित लाभ कहा जायेगा। आक्षित्र लाभ निम्नलिखित दरो पर आश्रितो को मिलेगा मृतक के हर जायज या गोद लिए गये पुत्र या जायज अविवाहित पुत्री को 15 वर्ष की उम्र तक इस लाभ को जारी रखा जा सकता है। यदि 18 वर्ष की उम्र उक इस लाभ को जारी रखा जा सकता है। यदि पुत्र या पुत्री की कापोरेशन को संतुष्ट करने वाली शिक्षा जारी रहती है।

4 डॉक्टरी या चिकित्सालय लाभः– इस लाभ की व्यवस्था सबसे अधिक महत्व की है। क्यो यह लाभ वह घुरी है। जिस पर सारी प्रणली धूमती है। यदि किसी बीमारशुदा व्यक्ति या उसके परिवार के किसी सदस्य यदि डॉक्टरी लाभ बीमारशुदा व्यक्ति के परिवार को भी दिया जाता है। की दशा ऐसी हैं कि उसे डॉक्टरी इलाज या सेवा की आवश्यता है। तो वह उसे यह लाभ पाने का अधिकार होता है। यह लाभ बीमारी व्यवसायिक चोट या प्रसूति की दिशा में बिना किसी शुल्क के डॉक्टरी इलाज के रूप में होता है।

कोयला खान भविष्यनिधि एवं विविध व्यवस्थाएं अधिनियम – यह भविष्य निधि योजना पं बंगाल और विहार मे सभी कोयला खानो में लागू की गयी जो बाद में धीरे धीरे मध्य प्रदेश असम उडीसा महाराष्ट्र सहित सारे भारत की कोयला खानो में भी लागू कर दी गयी इस समय इस योजना के अन्तर्गत 1001 कोयला खाने तथा सहायक संगठनों में 6 लाख 78 हजार श्रमिक सदस्य है इस समय देश के विभिन्न कोयला क्षेत्रो में सदस्यों द्वारा कोष मे पर्याप्त अंशदान की दर श्रमिकों की कुल आमदनी का 8 प्रतिशत कर दिया वे चाहे तो अपने अनिवार्य अशंदान के अलावा 8 प्रतिशत कर दिया गया तथा सेवा योजको का अंशदान इसके बराबर रहता है। जून 1963 से सदस्यो के लिए यह ऐच्छिक कर दिया हैं कि यदि वे चाहें तो अपने अनिवार्य अंशदान के अलावा 8 प्रतिशत की दर से अधिक अंशदान नही देना होता कोष की उस रकम के विनियोग का स्वरूप जो बहार जाने वाले सदस्यों की वापसी के लिए तुरंत आवश्यक नही होती ट्रस्टी बोर्ड द्वारा निर्धारण किया गया है। किसी सदस्य की सेवा से निवत्ति की आयु छटनी कार्य के लिए पूर्ण असमर्थता अथवा उसकी मृत्यु की दशा में वह कोष मे से व्याज सहित अपने जमा में पडी हुई सारी इकट्ठा हुई रकम वापस ले सकता है। दूसरी दशाओं में श्रमिक के प्रति देय सेवा योजक के

अशंदान का एक भाग सदस्यता की अवधि के आधार पर इस अशंदान का एक भाग सदस्यता की अवधि के आधार पर इस प्रकार काटा जाता है। यदि सदस्यता की अवधि तीन वर्ष से कम है। तो 50 प्रतिशत या अधिक किंतु 10 वर्षो से कम है। तो 25 प्रतिशत से अधिक कितु 15 वर्ष से कम है। तो 15 प्रतिशत अंशदान व्याज सहित काट लिया जायेगा जहाँ सदस्यता की अवधि 15 वर्ष या इससे अधिक है। वहाँ कुछ नही काटा जायेगा काटी गयी रकम का उपयोग सदस्यों के कल्याण के लिए किया जाता है। योजनाओं के अंतर्गत सदस्यों के कोष अपनी इकटठी हुई रकम मे से सहाकारी समितियों के अंश खरीदने मकान बनवाने जीवन बीमा पॉलिसी का प्रीमियम देन तथा पुत्रियों की शादी तथा बच्चो को उची शिक्षा के लिए न लौटने वाले अग्रिमो के दिये जाने की व्यवस्था है। कोयला खानो के ओशिक रूप से बंद होने वाले के कारण बेरोजगारी या आंशिक रोजगार की दशा में लागू कर दी गयी है।

कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध व्यवस्थाएं अधिनियम 1952 – आरंभ में इस अधिनियम के प्रावधान 6 उद्योगो मे से 50 या अधिक व्यक्तियो को नियुक्त करने वाले कारखाने पर लागू होतें थें बाद में यह अन्य दूसरे उद्योगों पर लागू होतें है। बाद में यह अन्य दूसरे उद्योगो पर लागू कर दिए गए 1956 के 20 से अधिक से संशोधन के अनुसार सरकार को यह अधिकार को यह अधिकार है कि वह इसे गैर कारखानो मे लागू कर सकती है। 1960 के संशोधन में अधिनियम के सीमा क्षेत्र को 20 से अधिक व्यक्ति नियुक्त करने वाले 5 वर्षो से काम कर रहें संस्थाओ पर भी लागू कर दिया है। इस बात की व्यवस्था की गयी कि अधिनियम के क्षेत्र में जो संस्थाएं एक बार में शामिल हो जाए वे श्रमिकों की संख्या में कमी होने के आधार पर बाहर न निकल सके जब श्रमिको की संख्या 15 से कम हो जाती है और एक वर्ष की अवधि तक इसी तरह बनी रहती है। तो इकाई अधिनियम के सीमा क्षेत्र से बाहर हो सकती है। आरंभ में इस योजना के सदस्य केवल कर्मचारी हो सकते है। जिनका मासिक वेतन 300 रूप्ये से अधिक नही था 31 मार्च 1957 से इस 1000 रू प्रति माह कर दिया गया वर्तमान में यह सीमा 1600 रू प्रति माह है। इस योजना में कर्मचारी के वेतन का 8 प्रतिशत बंदे के रूप मे काटा जाता है। तथा इतना ही सेवा योजनाको द्वारा दिया जाता है। 1 जनवरी 1964 से एक मृत्यु सहायता कोष स्थापित किया जिससे कम से कम 500 रूपये की सहायता उन मृत्यु सदस्यो के उत्तराधिकारियो को देने की व्यवस्था की गयी थी जिनकी युद की इकटठा हुई रकम इतनी हो पायी है। बाद में यह सीमा बढाकर 740 रूपये उसके बाद 1000 रू0 कर दी गयी परंतु वर्तमान में यह सीमा 1250 रू0 है। अगस्त 1976 से अधिनियम के अंतर्गत आने वाले श्रमिको को जीवन बीमा देने के उद्देश्यो से कर्मचारी जमा जुडी बीमा योजना लागू की गई है।

अनुग्रह भुगतान संशोधित अधिनियम 1984 – अनुग्रह भुगतान अधिनियम 16 सितंबर 1972 से सारे भारत के प्रत्येक कारखाने खाना तेल क्षेत्र बागान बंदरगाह एवं रेलवे प्रत्येक ऐसी दुकान या संस्थान जिनमे 10 या अधिक व्यक्ति नियुक्त हो या पिछले 12 महीने में किसी दिन नियुक्त किए गए है। जिन्हें केन्द्रीय सरकार अधिक सूचना द्वारा इस सम्बंध में निर्धारित करने पर लागू होता है।

अधिनियम के अंतर्गत नियोक्ता द्वारा कर्मचारी को प्रत्येक वर्ष की सेवा पूरी होने या 6 महीने से अधिक भाग की सेवा के लिए सम्बधित कर्मचारी को मिलने वाली अंतिम मजदूरी पर आधारित 15 दिन का मजदूरी की दर से अनुग्रह रकम का भुगतान किया जायेगा

कार्यनुसार मजदूरी पानेवाले कर्मचारी की दशा में दैनिक मजदूरी की गणना इसके रोजगार खत्म होने से पहले के तीन महीनो मे मिलने वाली कुछ मजदूरी के अवसर से की जायेगी और इस उद्देश्य के लिए किसी अतिरिक्त समय के लिए दी गई मजदूरी को शामिल नही किया जायेगा किसी कर्मचारी को दी जाने वाली अनुग्रह रकम की कुल मात्रा 20 महीने की मजदूरी से अधिक नही होगी यदि किसी कर्मचारी को मजदूरी से अधिक नहीं होगी यादि किसी कर्मचारी की संपत्ति को हानि की सीमा तक असकी अनुग्रह रकम अपहरति का ली जायेगी इस समय 34 हजार संस्थाओं के 30 लाख से अधिक कर्मचारी इस योजना के अंतर्गत आ चुकें है।

जमा समबद्ध बीमा योजना – यह योजना 1 अगस्त 1976 से उन कर्मचारियो श्रमिको पर लागू गई है। कर्मचारी भविष्यनिधि योजना व कोयला खान भविष्य निधि योजनाएं के अंतर्गत आते है। इस योजना के अंतर्गत आने वाले किसी कर्मचारी की आय पर मृतक के परिवार को भविष्य निधि में पिछले 3 वर्ष बकाया औसत राशि के बराबर राशि कर जाती है लेकिन यह राशि 10000 रू0 से अधिक नही हो सकती इस योजना की विशेषता है कि इसमे कर्मचारी व श्रमिको को कुछ भी नही देना पड़ता है। इसमें सरकार व मालिक को ही देना पडता है।

सामाजिक सुरक्षा सर्टीफिकेट – यह योजना 1 जून 1982 से लागू की गयी है। इसमें कोई व्यक्ति जिसकी उम्र 18 वर्ष व 45 वर्ष के बीच है। इन सर्टीफिकेटो को कयाकल्प सकता है। लेकिन एक व्यक्ति अधिक से अधिक पाँच हजार के ही सर्टीफिकेट क्रय कर सकता है। यह सर्टीफिकेंट 500 व 1000 के है जिनका भुगतान वर्ष बाद क्रमशः 1500 व 3000 होगा लेकिन यदि सर्टीफिकेट क्रेता क्रय करने के 2 वर्ष पश्चात मर जाता है। तो उसके कानूनी उत्तराधिकारी को सर्टीफिकेट की पूरी रकम तुरंत देय हो जाती है। और उसको देय तिथी तक भुगतान के लिए इंतजार नही करना पड़ता है।

सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का एकीकरण – पिछले कुछ समय से यह अनुभव किया जाने लगा है। कि अब एक मिली जुली सामाजिक सुरक्षा योजना तैयार करना संभव हो सकेगा जो वर्तमान अंशदान को थोडा बढाकर कुछ ऐसे जोखिम को विरूद्ध सुरक्षा दे सके जिन्हें वर्तमान समय मे शामिल नही किया गया हैं भारत सरकार की बेकारी सहायता

योजना लागू करने एवं प्रशासन कार्यों को कम करने के लिए कर्मचारी निधि योजना कर्मचारी राज्य बीमा योजना को एक मे मिलाने की कोशिश कर्मचारी राज्य बीमा योजना समीक्षा समिति की एक महत्वपूर्ण सिफारिश के अनुसार है।

श्रम कल्याण से आशय

श्रम कल्याण कार्यो से तात्पर्य उन क्रियाकलापो से होता है। जिनके द्वारा श्रमिको का जीवन सुखयम हो जाता है। और जिनमें श्रमिको की कार्यकुशलता में वृद्धि की जाती है। श्रम कल्याण कार्य धारणा को विभिन्न अर्थो मे प्रयुक्त किया जाता है और देश कार्य तथा परिस्थितियो के अनुसार इसके महत्व में भी भिन्नता पायी जाती है। वस्तुत श्रम कल्याण की धारणा उतनी लचीली है। कि इसकी परिभाषा देना अत्यन्त कठिन कार्य है।

श्रम कल्याण का अर्थ एवं परिभाषाएं

शाही श्रम आयोग ने लिखा है श्रम कल्याण एक ऐसा शब्द है। जो बहुत ही लचीला है। इसका अर्थ एक देश की तुलना में उसकी विभिन्न सामाजिक नीतियो औद्योगिकरण की स्थिति में व श्रमिको की शिक्षा सम्बंधी प्रगति के अनुसार भिन्न भिन्न लगाया जाता है। सर एड वर्द्ध पेटन के अनुसार श्रम कल्याण कार्यो से तात्पर्य श्रम के सुख स्वास्थ्य एवं समृद्धि के लिए उपलब्ध की जाने वाली दशाओं से है।

ई0 टी0 कैली के अनूसार – श्रम कल्याण से तात्पर्य किसी प्रतिष्ठान द्वारा श्रमिकों के व्यवहार और के लिए कुछ नियमो का अपनाया जाना है।

ई० एम० ग्राउण्ड के अनुसार – श्रम कल्याण से तात्पर्य विद्यमान औधोगिक प्रणाली तथा अपनी फैक्ट्रियो रोजगार की दशाओ को उन्नत करने के लिए मालिको द्वारा किए गए ऐच्छिक प्रयत्नो से है।

एन० एम० जोशी के अनुसार – श्रम कल्याण के अंतर्गत हम श्रमिको के लाभ के लिए मालिको द्वारा किए गए प्रयत्नो तथा कारखाना अधिनियम के अंतर्गत कार्य करने की न्यूनतम दशाओं के आदर्श तथा दुर्घटना वृद्वावस्था बेकारी और बीमारी के लिए पास किए गए सामाजिक विधान को सम्मिलित कर सकतें है।

3.2 श्रम कल्याण कार्य के अंग

1 स्थान की दृष्टि से वर्गीकरण

- कारखाने के अंदर कार्य कल्याण कार्य
- कारखाने के बाहर का कल्याणकार्य

2 प्रबंध की दृष्टि से वर्गीकरण

- कानून श्रम कल्याण
- ऐच्छिक श्रम कल्याण
- पारस्परिक श्रम कल्याण

3 प्रदान करने वाले संगठन की दृष्टि से वर्गीकरण

- सेवायोजको द्वारा
- सरकार द्वारा
- मजदूर संघ द्वारा
- समाज की अन्य संस्थाओं द्वारा

स्थान की दृष्टि से वर्गीकरण– ब्राउण्ट ने श्रमिक कल्याण के कार्यो को दो भागो में बॉटा है।

कारखाने के अंदर का कल्याण कार्य – बैज्ञानिक भर्ती श्रमिकों की भर्ती वैज्ञानिक ढंग से करना औद्योगिक प्रशिक्षण विभिन्न कारखानो मे विशिष्ट कार्यो का प्रशिक्षण स्वच्छता

प्रकाश तथा वायु का प्रबंध इससे कारखाने में सफाई पुताई रोशनदानो का प्रबंध पीने के पानी का प्रबंध स्नानग्रह संडास मूत्रालय आदि की व्यवस्था रोशनी का प्रबंध तथा सर्दी को कम करने की व्यवस्थाएं आती है।

दुर्घटनाओं की रोकथाम – इसमें खतरनाक यंत्रो अतःयधिक ताप आदि से बचाव तथा आग बुझाने का प्रबंध आदि सम्मिलित अन्य कार्य जैसे कैण्टीन थकावट दूर करने की व्यवस्था आराम की व्यवस्था आदि।

- कारखानो के बहार का कल्याण कार्य– सस्ते तथा पोषक युक्त भोजन की व्यवस्था।
- मनोरंजन की सुविधाएं क्लब अखाडे सिनेमा रेडियो आदि
- शिक्षा का प्रबंध इसमें प्रौढ शिक्षा सामाजिक शिक्षा प्राथमिक शिक्षा स्त्री पुरूष बालको की शिक्षा आदि आती है।
- चिकित्सा व्यवस्था इसमें आराम अवकाश मुक्त उपचार आदि
- उत्तम आवासों की व्यवस्था

2 प्रबंध की दृष्टि से वर्गीकरण

कानूनी श्रम कल्याण – कानूनी श्रम कल्याण कार्यों से तात्पर्य उन समस्त कार्यों से है। जो श्रमिकों के हित के लिए सरकार की ओर से विभिन्न कानूनो के रूप में किए जातें है।

ऐच्छिक श्रम कल्याण – इस वर्ग में वे कल्याण आतें है। जिनको करना कानून न आवश्यक नही होता है। परंतु उद्योगपति इनको सेवा भावना अथवा सार्वजनिक हित के उद्देश्य से स्वयं करते है।

पारस्परिक श्रम कल्याण – कभी कभी उद्योगपति मजदूरी तथा अन्य दल भी परस्पर हित के लिए एक दूसरे की सहायता करके श्रम कल्याण की सेवाओ की व्यवस्था करतें है। उद्योगपतियों और मजदूरों और दोनो का बहुधा सहयोग इनक कार्यों में होता है।

3. प्रदान करने वाले संगठन की दृष्टि से वर्गीकरणः

सेवायोजको द्वारा – मजदूरी के अतिरिक्त ऐच्छिक रूप में दिया जाने वाला लाभ इस वर्ग में आता है। जैसे निवास जलपान यातायात आदि की सुविधा

सरकार द्वारा– अनेक राज्य सरकारो ने मजदूरो की है। उन्नति के लिए व्यवस्था की है वह इस श्रेणी ही है।

मजदूर संघ द्वारा – श्रमिक संघो का भी यह कर्तव्य है कि सदस्यो के लिए कुछ कल्याणकारी कार्य करे कुछ श्रमिक संघ चिकित्सा अदि की भी व्यवस्था करतें है।

समाज की अन्य संस्थाओं द्वारा – अनेको धनी व्यक्ति संस्थाओं आदि भी श्रमिको के लिए शिक्षा अस्पताल आदि खुलवातें है। वे इस वर्ग में आतें है।

श्रम कल्याण कार्यों की आवश्यकता

श्रमिको मे उत्तरदायित्व की भावना जाग्रत करने में सहायता होता है। जिससे राष्ट्र को अच्छे श्रमिक मिलते है।

यह एक मानवीय कार्य है। जिसके द्वारा श्रमिको को पूर्ण तथा आसमवायक जीवन मिलता हैं इससे श्रमिक की कार्यकुशलता तथा कार्यक्षमता में वृद्धि की जाती है।

इस से श्रमिको का मानसिक तथा नैतिक विकास किया जाता है।

इस से श्रमिक की क्षमता तथापूर्ति की वृद्धि करने तथा उनमें संगठन प्रवृत्ति कम करने की दिशा में लाभदायक होता है।

श्रम कल्याण का महत्व – श्रमिको की प्रवासी प्रवृत्ति अनुपस्थिति एवं दुलर्भ लाभ सम्बन्धी समस्याओं का निराकरण भारतीय श्रमिको की प्रवासी प्रवृत्ति का मूल कारण यह है। कि शहरो में उन्हे अनेक सुविधाओं का समानता करना पड़ता है। जैसे बुरी आवास व्यवस्था खुले वातावरण का प्रभाव तथा खाने पीने का कष्ट आदि श्रम कल्याण कार्यो के फलस्वरूप श्रमिको के रहने के लिए मकान स्वास्थ प्रद सस्ता भोजन तथा बीमारी में दवा मिल सकेगी तथा सपरिवार सुखी से रह सकेंगी

श्रम कल्याण कार्यों का सामाजिक महत्व – श्रम कल्याण कार्यो के द्वारा सामाजिक लाभ भी होता है। जैसे कैंटीन की व्यवस्था जहाँ श्रमिकों को स्वच्छ व संतुलित भोजन मिल सकता है। श्रमिको के स्वास्थ्य में सुधार करती है। स्वास्थ्य मनोरंजन के द्वारा उनकी बुरी आदतें जैसे मदिरापान जुआ खेलना आदि दूर हो जाती है तथा उनमे स्वस्थ्य आदर्श चारित्रिक विकास होता है।

कुशलता में वृद्धिः– श्रम कल्याण कार्यो से श्रमिको के कार्यकुशलता में वृद्वि होती है। क्योकि अनेक प्रकार से उनका मानसिक और बौद्धिक विकास होता है तथा उनकी कई परेशानियां दूर हो जाती है।

श्रमिको के उत्तरदायित्व में वृद्धिः – श्रम कल्याण के कार्य की व्यवस्था से श्रमिको को यह अनुभव होने लगता है। कि वे उद्योग के हिस्सेदार है। इसलिए वे संस्था के कार्य में विशेष रूचि लेने लगने है।

औद्योगिक शांति की व्यवस्था – श्रम कल्याण औद्योगिक कल्याण की व्यवस्था में सहायक होतें है। क्योकि जब श्रमिको को इस बात का अनुभव होने लगता है। कि सेवायोजक और राज्य दोनो ही उनके कल्याण के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित कर रहें है। तो उनके मन में स्वस्थ भावना पैदा हो जाती है। जो औद्योगिक सम्बन्धो को मधुर बनाएं रखती है।

सेवाओ को आकर्षक बनाना – जिस औद्योगिक संस्था में श्रम कल्याण कार्य की योजना लागू होती है। वहाँ की सेवाएं अपेक्षाकृत आकर्षक हो जाती है। और अधिकांश श्रमिक वही शाक्ति में वृद्धि होती है। कार्य करना प्रसंद करतें है। इससे स्थायी श्रम श्रम संगठन को शाक्तिशाली बनाने के लिए पश्चिमी देशो मे श्रमिक संघो का संगठन अतःयंन्त दृढ और विकसित है। यही कारण है। कि पाश्चात्य श्रमिक संघ अपने श्रमिको के लिए श्रम कल्याण

की पर्याप्त सुविधाएं प्रदान करतें है। परंतु भारत के श्रमिक नेता न तो संगठित है। और न उसके श्रमिक संघो की वित्तीय स्थिति हो संवोषजनक है।

प्रगतिशील देशो मे श्रम कल्याण को श्रम कल्याण औद्योगिक प्रशासन का अंग औद्योगिक प्रशासन का एक अंग स्वीकार किया गया है। अब श्रम कल्याण कार्यो का आयोजन करना उद्योगपति का उत्तरदायित्व बन गया है। इससें श्रमिक वर्ग में एक नवीन स्वाभीमान की भावना जाग्रत होती है।

राष्ट्रीय समृद्विः– देश की आर्थिक व सामाजिक समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से हमारी राष्ट्रीय सरकार ने पंचवर्षीय योजनाओं का कार्यक्रम अपनाया है। प्रत्येक योजनाओ की सफलता कठोर श्रम पर निर्भर है। अतः श्रमिक ही हमारी योजना के आधार स्तभं है। श्रमिक उसी समय पूर्ण सहयोग और सदभावना से कार्य करेगें जब से समय लेगे उद्योगपति और सरकार दोनो ही उनके वर्तमान और भावी जीवन को उन्नत बनाने हेतु क्रियाशील है।

श्रमिको को शिक्षित करने के लिए – भारत में अधिकांश श्रमिक अशिक्षित है। और अपनी स्थिति और अधिकारो के प्रति जागरूक है। और अपनी स्थित और अधिकारों के प्रति जागरूक नही है। श्रम कल्याण कार्य के अंतर्गत श्रमिको को जो शिक्षा मिलेगी उससे पारिवारिक और आर्थिक समस्याओं का समाधान सरल होगा जो कि एक प्रजातांत्रिक देश के लिए आवश्यक है।

श्रम कल्याण कार्य की मदें – श्रम कल्याण कार्य की मदो की सूची काफी लंबी है। मुख्यतः इन्हें निम्नांकित भागो मे विभाजित करके स्पष्ट किया जा सकता है।

कार्यो की दशाएं – काम की दशाओ सम्बन्धो श्रम कल्याण कार्य श्रमिक की दक्षा वृद्धि में सहायक होतें है। इसके अंतर्गत निम्न कार्य सिम्मिलित किए गए है।

संवातन सामान्य स्वास्थ्य की रक्षा करने की दृष्टि से पर्याप्त प्रकाश धूप आदि प्राप्त करने तथा बढतें हुए तापक्रम तथा आर्द्रता को नियन्त्रित करने की दृष्टि से पूरी सुविधा होना अत्यन्त आवश्यक है। इस सुविधा के न होने से श्रमिक को प्राकृतिक प्रकाश प्राप्त नही हो सकता और शुद्ध वायु मिल सकती दूषित वायु निष्कासन से वातावरण को दूषित होने से बचाया जा सकता है। सूती वस्त्र उद्योग में जहाँ धूल भरे तथा नम वायु वाले वातावरण में श्रमिक को लंबे 'समय तक कार्य पडता है। रोशनदान होना अत्यन्त आवश्यकता है।

तापक्रम नियंत्रण – कार्य स्थल पर तापक्रम वांछित मात्रा तक नियंत्रित किया जाना चाहिए जिससे श्रमिको को शीघ्र थकान का अनुभव न हो तथा उसका कार्य में मन लगा रहें वातानुकूलित कमरे अथवा गर्मी में धास की टाट का प्रबंध अधिक उचित रहता है। परंतु इस दिशा में अभी तक विशेष ध्यान नही दिया गया है।

प्रकाशः कार्य स्थल पर पर्याप्त तथा जहाँ तक संभव हो प्राकृतिक प्रकाश की व्यवस्था होनी चाहिए यदि कृत्रिम प्रकाश की व्यवस्था है। वह आँखो को चकाचौध करने वाली नही होनी चाहिए भारत मे अधिकांश कारखाने के भवन पुराने किस्म के बने हुए है। जिनसे पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था हैं कार्य करतें समय गैस एवं लैम्प के प्रयासो से आग लगने का भय

बना रहता है। श्रमिक की आँखो पर जोर दुर्घटना के अवसर अधिक रहतें है। श्रमिक की आँखा पर जोर पड़ता है। तथा उसे थकान शीघ्र आ जाती है।

स्वच्छता – कारखाने में प्राय गंदगी तथा धूल पायी जाती है। इसके होने से श्रमिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। दुर्घटना में वृद्धि होती है। तथा सामान्यत कार्य दक्षता एवं अनुशासन में कमी आती है। कारखाना अधिनियम के अंतर्गत कारखानो के भीतर एवं बाहर से स्वच्छ रखने एवं बदबू सढन आदि से बचाने पर बल दिया जाता है। इसके लिए दैनिक सफाई की व्यवस्था होनी चाहिए प्रति सप्ताह फर्श की घुलाई की व्यवस्था होनी चाहिए।

कार्य के घण्टे – विभिन्न अनुसन्धानो तथा अध्ययनो का यह निष्कर्ष निकला है कि अधिक लंबे समय तक कार्य करने पर श्रमिक अधिक उत्पादन नही कर सकता है। अधिक उत्पादन के लिए कार्य का समय निश्चित होना चाहिए लंबे समय तक निरंतर कार्य करतें रहने से श्रमिक थकान अनुभव करता है। अस्वस्थ ही जाता है। कार्य के प्रति असच तथा ग्लानि अनुभव करने लगाता है। तथा कार्य से भगने की सोचता है। इन सभी कारणो से कार्य पर दुधर्टना बढती है। कार्यक्षमता कम होती है। अनुपस्थिति की दर बढ़ जाती है। भारत में विभिन्न श्रम अधिनियमो मे श्रमिको के कार्य के घण्टे की व्यवस्था की गयी है। इनका पालन किया जाना चाहिए।

अच्छे कार्य की दशाएं तथा नियन्त्रित कार्य के घण्टे श्रमिक को कार्य के प्रति संतुष्टि प्रदान करतें है। तथा उत्पादन वृद्धि करने में सहायक होते है। कार्य के घण्टो मे कमी करने मे श्रमिक थकान अनुभव नही करता है। कार्य लगन से करता है। अच्छा स्वास्थ्य बनाये रखने मे सफल होता है। उनकी कार्यदक्षता में वृद्धि होती है। तथा उत्पादन में वृद्धि होती है।

अवकाश तथा छुट्टियां – प्रत्येक श्रमिक को सप्ताह में एक दिन अवकाश दिया जाना चाहिए अवकाश का अर्थ उस दिन से है। जब कारखाना पूर्णत बंद होता है। तथा सभी कर्मचारी कार्य से मुक्त रहते है। अवकाश के तीन वर्ग किए जा सकतें है।

राजकीय अवकाश रूगणंतत्र दिवस स्वतंत्रता दिवस गॉधी जयती आदि त्योहार अवकाश तथा राष्ट्रीय अवकाश विश्राम व अन्य कार्यो को करने के लिए आवश्यक है। थकान मिटाने नहाने धोने तथा सफाई छुटटी एक उपार्जित अवकाश है। जो श्रमिको को आवश्यकतानुसार दी जानी चाहिए इससे कारखाना बंद नही होता है। छुटटी हेतु कारखाना अधिनियम 1948 द्यान अधिनियम 1952 तथा बागान श्रमिक अधिनियम 1951 के अंतर्गत प्रावधान किए गए है।

शौचालय तथा मूत्रालय – कई कारखाने श्रमिक की संख्या के अनुपात में शौचालय तथा शौचालय तथा मूत्रालय बनवाते है। इसमें यह विशेषता है कि इनकी बनावट सुगम है किंतु इन्हे स्वच्छ रखवाना तथा निंतर सफाई करवाना कठिन है। प्राय यह देखा जाता है। कि कई कारखानो मे नाम मात्र को उपलब्ध रहते है। किंतु इनकी स्वच्छता की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। स्त्रियों एवं पुरूषों के लिए अलग अलग शौचालय एवं मंत्रालय की व्यवरथा होनी चाहिए शौचालय साफ करने वाले या पानी वाले या फलश विधि से साफ होने चाहिए भारत में इस प्रकार की व्यवस्था अभी तक बहुत कम है।

पेय जल –रवत्तक तथा ठण्डा पेय जल उपलब्ध करना नियोक्ता का महत्वपूर्ण कार्य है। श्रमिक कम से कम 8 घण्टे तक कारखाने में रहता है। इस लंबे काल में उसे पेय जल की आवश्यकता पड़ती है। यदि पेय जल की उचित व्यवस्था न हो तो श्रमिक का या तो स्वास्थ्य विगडता है अथवा यदि वह जल पीने कही अन्यत्र जाता है। जिससे उसका समय नष्ट होता है। जिससे उत्पादकता में बाधा आती है। कई कारखानों में केवल नल द्वारा पानी पीने की व्यवस्था होती है। उसे उचित व्यवस्था नहीं कहा जा सकता क्योंकि इससे ग्रीष्माकाल मे श्रमिक को ठण्डा पानी उपलब्ध नहीं होता है। कहीं कही मटको द्वारा ठण्डे पानी की व्यवस्था की जाती है तो उनके देख रेख के अभाव में कई बार मटके खाली पाये जाते है।

चिकित्सा सुविधाएं –कारखाना अधिनियम 1948 के अन्तर्गत 15 से 17 वर्ष के श्रमिको का सामाजिक स्वास्थ्य परीक्षण होना चाहिए जहाँ कारखाना का स्वयं कोई चिकित्सक नही है। वहाँ अन्यन्त इस प्रकार का परीक्षण का आयोजन किया जाना चाहिए प्रयेक कारखाने मे प्राथमिक चिकित्सा सेवा उपलब्ध होना चाहिए जहाँ 500 से अधिक श्रमिक कार्यरत है यहाँ रोगी वाहनो की व्यवस्था होना चाहिए भारत में चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करना राज्य सरकार का उत्तरदायित्व हैं किंतु फिर भी कुछ नियोक्ताओं द्वारा यह सुविधा की जाने लगी है। भारत में सर्वत्र यह सुविधा एक सी नही है। कुछ नियोक्ता अंशकालीन चिकित्साको की सेवाएं भी प्राप्त करतें है। जो पाक्षिक या साप्ताहिक रूप से श्रमिको की जाँच करतें है। वकिधम एवं कर्नाटक मिल्स असम आयल कंपनी आदि।

आवासीय सुविधाएं– औद्योगिक विकास के साथ साथ आवास समस्या जटिल होती है। श्रमिकों को रहने के लिए उचित मकान प्राप्त होती जा रही श्रमिको को रहने के लिए उचित मकान प्राप्त नहीं होतें अतः कई इकाइयों द्वारा सहकारी समीतियों आदि के मध्य से निम्न 8 आवासीय योजना पर आर्थिक सुविधा दी जा रही है।

शिक्षा सम्बंधी सुविधाएं शाही श्रम आयोग – ने बताया कि भारत मे लगभग सभी वर्ग के श्रमिक अशिक्षित है। इस अयोग्यता का मजदूरी उत्पादन संगठन तथा कुछ अन्य बातो पर किस प्रकार प्रभाव पड़ता है। यह बताना कठिन है। कुछ उदार नियोक्ता पौढ शिक्षा कक्षाएं तथा वस्तकारी प्रशिक्षण कक्षाएं जैसे सिलाई कशीदाकारी बुनाई आदि के कार्यक्रम चलातें है।

मनोरंजन –मनोरंजन की दृष्टि से श्रम कल्याण कार्य अत्यन्त महत्वपूर्ण है इससे लंबे काल तक कार्य करने के उपरांत उपलब्ध अन्य मनस्कता तथा उदासी से मुक्ती है। औसत श्रमिक गर्मी धूल शोरगुल आदि वातवारण में कार्य करता है अतः कार्य की एक रसता कम करने के लिए मनोरंजन आवश्यक पूर्णत ऐच्छिक कार्य है।

नहाने तथा कपडे धोने की सुविधाएँ– कारखाना अधिनियम अंतर्गत यह प्रावधान हैं कि कोई कारखाना जिससे श्रमिकों की सहायता से उत्पादन कार्य किया जाता है और कोई हानिप्रद कच्चा माल प्रयोग किया जाता है। तो वहाँ श्रमिको को नहाने एवं कपडा धोने की सुविधा प्रदान की जानी चाहिए लगभग सभी इकाइयों नहाने एवं कपडा धोने की सुविधा प्रदान करती है। किंतु सावुन सोडा एवं तौलिये बहुत कम नियोक्ता उपलब्ध करातें हैं श्रम पर राजकीय आयोग की रिर्पोट के अनुसार ऐसे लोगो को जो गंदें स्थानो पर अथवा बहुत

भीड वाले स्थानो मे निवास करतें है। नियोक्ता द्वारा नहाने धोने की सुविधा प्रदान करने पर अनेक आराम स्वास्थ्य तथा दक्षता में वृद्धि होती है।

विश्राम स्थल – कार्य के उपरांत की छुट्टी अथवा खाना खाने के समय श्रमिकों के लिए कार्य स्थल से अलग एक विश्राम स्थल होना चाहिए जहाँ श्रमिक आपस में मिल जूल कर बैठे सके गपशय कर सके तथा सुस्ता सकें अनियमित कारखाने इस प्रकार का प्रावधान नही करतें किंतु नियमित एवं संगठित उद्योगो विश्राम स्थल का निर्माण बैधानिक आवश्यकता है। इन स्थानो का निर्माण जहाँ भी किया जाता है। वह उपेक्षित दृष्टि से किया जाता है।

शिशु ग्रह – कारखाना खान व बागान अधिनियम के अंतर्गत स्त्री श्रमिको के 6 वर्ष से छोटे शिशुओं के लिए शिशु ग्रह की व्यवस्था का प्रावधान है जिनमे 50 या इससे अधिक स्त्रियो कार्य करती हो दुर्भाग्यवश इसे और अधिक ध्यान नही दिया गया है पर्याप्त स्वच्छता दाइयो की सेवा तथा शिशु ग्रह की सुविधा आदि की दृष्टि से स्त्री नियोक्ता इस ओर पर्याप्त ध्यान देने लगे है। उन शिष्ठा ग्रहो में पर्याप्त चारपाइयां दरियां गद्रदे खिलौने चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध है।

श्रम संघो का अर्थ एवं परिभाषा

आधुनिक औद्योगिक समाज में श्रम संघो का अत्यन्त की महत्वपूर्ण स्थान है। वे देश के आर्थिक सामाजिक तथा राजनीतिक जीवन को कई तरह से प्रभावित्त करतें है। मजदूरी अजीवको के स्थायी वर्ग में आने वाले श्रमिको की संख्या में वृद्धि औद्योगिक एवं आर्थिक विकास तथा सामूहिक प्रयासो के बढतें हुए महत्व के कारण श्रम संघो की भूमिका भी निरंतर महत्वपूर्ण हाती गयी है। श्रम संघ कई प्रकार के होतें है। श्रमिक संघो की स्थापना और उद्देश्य के सम्बध मे विभिन्न विचार को ने भिन्न भिन्न मत व्यक्त किए है। श्रमिक आंदोलन का क्षेत्र श्रमिक संघ आंदोलन की अपेक्षा अधिक विस्तुत है।

शब्द से समझातें सिडनी और बेटाट्रिस के अनुसार – जैसे कि हम श्रम संघ मजदूरी अजीवको का एक अवरत संघ है। जिसका उद्देश्य उनके कार्य करी जीवन की दशाओं को अनुरक्षित करना या उनमें सुधार लाना है।

बी० बी० गिरी० के अनुसार – श्रमिक संघ श्रमिको का ऐच्छिक संगठन है। जो इसके सदस्यो का स्तर सुधारने तथा कार्य की दशाएं सुधारने का कार्य करता है।

श्रम आंदोलन परिणाम है। परिणाम है और मशीन उसका फेक टनेबाम के अनुसार – मुख्या कारण है।

आर० ए० लेस्टर के अनुसार – श्रमिक संघ कर्मचारियों का एक संगठन है। जो इसके सदस्यों का स्तर सुधारने तथा कार्य की दशाएं सुधारने का कार्य करता है।

ए०सी०जोन्स के अनुसार – एक श्रमिक संघ अनिवार्य रूप से श्रमिको का ही संगठन हे। नियोजको सहभागियों अथवा स्वतंत्र श्रमिको का नहीं

लेस्टर के अनुसार – यह एक ऐसी संस्था है। जिसका निर्माण अपने सदस्यो को रोजगार की दशाओं में सुधार करने तथा उन्हें बनाएं रखने के उद्देश्यो से किया जाता है।

श्रम संघो के प्रकार – श्रम संघ कई प्रकार के होतें है विभिन्न आधारो पर श्रम संघ के निम्नलिखित प्रकार है।

1 सदस्यता की प्रकृति के आधार पर वगीकरणः– सदस्यता की प्रकृति के आधार पर श्रम संघ मुख्यत तीन प्रकार के होतें है।

- शिल्पी संघ
- औद्योगिक संघ
- सामान्य संघ

शिल्पी संघ – शिल्पी संघ ऐसा श्रम संघ है। जिसके सदस्य किसी एक ही शिल्प या व्यवसाय मे काम करने वाले श्रमिक होतें है। कई प्रतिष्ठानो उद्योगो या स्थानो में एक ही शिल्प मे काम करने वाले श्रमिक मिल कर बनातें है। शिल्पी संघ स्थानीय क्षेत्रीय या राष्ट्रीय स्तर पर बनाए जा सकतें है। बढईयो जुलाहो शिक्षको तथा बस चालको के संघ शिल्पी संघ के उदाहरण है। अधिकांश शिल्पी संघ कुशल श्रमिको द्वारा बनाए जातें है संयुक्त राज्य अमेरिका में कई शिल्पी संघ बनाए गयें है। वहाँ का इंटरनेशनल बुडकार्वर्स एसोशियन एक शक्तिशाली शिल्पी संघ है। भारत में शिल्पो संघो की संख्या बहुत ही कम है। कभी कभी कई समान शिल्पो के श्रमिक मिलकर अपने संघ बना लेतें है। जिन्हे बहुविधि शिल्पी संघ कहतें है।

औद्योगिक संघ – जब किसी औद्योगिक प्रतिष्ठान या संघ में काम करने वाले विभिन्न श्रेणियों के श्रमिक मिलकर अपना संघ बनातें है। तो उसे औद्योगिक संघ कहतें है। इस प्रकार के संघ में किसी औद्योगिक प्रतिष्ठान या उद्योग में कार्यरत सभी प्रकाश के श्रमिक होतें है चाहे व कुशल हो अकुशल या एक शिल्प या व्यवसाय में काम करतें हो या दूसरे में इस प्रकार के संघ प्रतिष्ठान क्षेत्र उद्योग के स्तरो पर बनाए जा सकतें है अगर बांटा कंपनी में कार्यरत सभी श्रेणी के श्रमिक मिलकार अपना संघ बनातें है। तो उसे औद्योगिक संघ कहा जाएगा भारत में अधिकाश श्रमिक संघ औद्योगिक संघ है। औद्योगिक संघ के उदाहरण हे। जैसे रायवर्क्स यूनियन कोयला खदान मजदूर संघ इण्डियन नेशनल टेक्सटाइल बक्स फेडरेशन भारत में औद्योगिक संघ के प्रमुख उदाहरण है।

सामान्य संघ – जब विभिन्न शिल्पो व्यवसायो प्रतिष्ठानो उद्योगो तथा नियोजका मे कार्यरत श्रमिक बिना किसी भेद भाव के मिलकार कोई संघ बनातें है। तब उस सामान्य संघ कहतें हैं उदाहरणर्थ यदि किसी शहर में कार्य करने वाले बढई लोहार विक्रेता छापाखानो होटलो आदि के कर्मचारी मिलकर कोई संघ बनाते है तब उसे सामान्य सदा कहा जाएगा सामान्य संघ मे सिर्फ व्यवासाय उद्योग प्रतिष्ठान आदि के आधार पर सदस्यता में भेदभाव नही किया जाता है। सामान्य संघो की स्थापना के लिए श्रमिको के बीच अपनी अलग अलग औद्योगिक विशिष्टताः को त्यागने की आवश्यकता होती है। ब्रिटेन का ट्रांसपोर्ट एण्ड व्यागने की आवश्यकता होती है। संघ का उदाहरण है सामान्य संघ में कई

उद्योगो या प्रतिष्ठानो के श्रमिकों सम्मिलित होते है। तो कभी केवल की उद्योगो या प्रतिष्ठानों के श्रमिक

भागौलिक कार्य क्षेत्र के आधार पर वर्गीकरण– भौगोलिक कार्य क्षेत्र के आधार पर श्रमिक संघों को निम्न चार श्रेणियों में रखा गया है–

स्थानीय श्रमिक संघ–स्थानीय श्रमिक संघ व होतें है। जिनका कार्यक्षेत्र किसी भौगोलिक या स्थानीय क्षेत्र तक सीमित रहता है। छोटे छोटे उद्योग एवं नियोजको मे काम करने वाले श्रमिक के संघ सामान्यत स्थानीय श्रमिक संघ होतें है। कई राष्ट्रीय श्रमिक संघों की स्थानीय शाखायें भी होती हैं।

राष्ट्रीय श्रमिक संघ– कई श्रमिक संघ राष्ट्रीय स्तर पर भी बनाए जातें है। भारत मे राष्ट्रीय श्रमिक संघ के उदाहरण है। इण्डियन नेशनल टेड कांग्रेस यूनियन ऑल इण्डिया टेड फेडरेशन आदि ब्रिटेन मे नेशनल टैक्सटाइल वर्क्स तथा नेशनल यूनियन पोस्ट ऑफिस वर्क्स राष्ट्रीय स्तर के श्रमिक संघ है। उदाहरण है। यूनाइटेड ब्रदर हुंड ऑफ राष्ट्रीय स्तर पर श्रमिक के महत्वपूर्ण संघ है।

अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक संघ – कुछ श्रमिक संघ अतःर्राष्ट्रीय स्तर पर भी बनाए जातें है। इस प्रकार के श्रमिक संघ के उदाहरण है। जैसे इण्टरनेशनल कॉन्फेडरेशन ऑफ फ्री टेड यूनियन तथा वर्ड फेंडरेशन आफ टेड यूनीयनस

क्षेत्रीय श्रमिक संघ– कभी कभी विशेष भौगोलिक क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिक अपने क्षेत्रीय श्रमिक संघ बनातें है। भारनत में दक्षिण भारत तथा असम के बागानो मे कार्यरत श्रमिको तथा चीनी उद्योगो के श्रमिको न अपने क्षेत्रीय संघ बनाएं है।

सत्ता के विकेंद्री करण केदीकरण के स्वरूप के आधार पर वर्गीकरण – इस आधार पर श्रमिक संघो के दो मुख्या भेद होतें है।

- संघात्मक श्रमिक संघ
- एकात्मक श्रमिक संघ

संघात्मक श्रमिक संघो मे सत्ता महासंघ के उच्चतम स्तर तथा संघ के सदस्य के रूप में शामिल इकाइयो के बीच वित्तरित रहती है। जैसे इण्डियन नेशलन आयरन एण्ड स्टीज बर्क्स फंडरेशन तथा इण्डियन नेशनल माइन वर्क्स फेडरेशन भारत मे संघात्मक श्रमिक संघ के उदाहरण है। तथा ब्रिटेन का नेशानल यूनियन ऑफ बूट एण्ड शूज आवरेटक्स तथा नेशनल यूनियन ऑफटेलरिंग एण्ड गारमेण्टस वर्ग एकात्मक श्रमिक संघ के उदाहरण है।

शासन की प्रकृति के आधार पर बर्गीकरण– इस आधार पर श्रमिक संघो को दो मुख्य श्रेणियो मे रखा जाता है। स्वेच्छाचारी श्रमिक संघ के नेता या पदाधिकारी सदस्यों के विचार या भावनाओ की ध्यान में रखे विना मनमाने ढंग से कार्य करते है। प्रजातांत्रिक श्रमिक संघो में क्रियाकलाप के संचालन में भाग लेने का उचित अवसर मिलता है।

अन्य प्रकार – श्रमिक संघ के कुछ अन्य प्रकारो का भी उल्लेख किया जाता है।

- कंपनी संघ
- व्यापारिक संघ
- क्रांतिकारी संघ

श्रम संघ के उद्देश्य एवं कार्य

आधुनिक युग में जीवन संघर्ष प्रत्येक क्षेत्र में है। आत्यधिक जटिल हो गया है। पूँजीपति श्रमिक के शोषण के लिए प्रयत्नशील रहतें है। श्रमिको और पूँजीपति मे श्रमिक का पक्ष अपेक्षाकृत कम शक्तिशाली होने से श्रमिको का सदैव पूँजीपतियो द्वारा हमेशा शोषण होता है। श्रमिको की इस निवेलता के कारण ही उनमें संगठन की आवश्यकता प्रतीत हुई औरश्रमिक संघ व्यवस्था का विकास और जन्म हुआ इसी आधार पर इनके उद्देश्य एवं कार्य निम्नलिखित है।

- श्रमिको एक मालिकों के बीच मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध श्रमिको एवं मालिको के बीच मैत्रीपूर्ण सम्बध स्थापित करना जिससे यथा सम्भव विवाद न हो
- जीवन स्तर में वृद्धि करना श्रम संघो का उद्देश्य सदस्यों के जीवन स्तर को ऊँचा उठाना है। इसके लिए वे चिकित्सा सम्बंधी शिक्षा सम्बधी वाचनलय तथा आमोद प्रमोद की सुविधाओ का प्रबंध करतें है।
- वैद्यानिक सलाह देना श्रमिको को नियोक्ता के विरूद्व वैधानिक सलाह देना और आवश्यकता होने पर उसके लिए आर्थिक सहायता देना
- औद्योगिक शांति स्थापित करना हडताल की घोषण करना उसको संगठित करना एवं चलाना और नियोक्ता से संबंद्व स्थापित कर संघर्ष को शांति से सुलझाने का प्रयत्न करना।
- योजनाये बनाना श्रमिको के लाभ के लाभ के लिये रोग बीमा प्राविडेण्ट फण्ड सहकारी संघ डॉक्टरी सहायता आदि लाभदायक योजनाओ की व्यवस्था करना।
- संपूर्ण विकास करना श्रमिको की सामाजिक आर्थिक मानसिक एवं शारीरिक उन्नति करना
- ऑकडे एकत्रित करना श्रमिक की दशाओ से संबंधित ऑकडे एकत्रित करना
- आर्थिक सहायता देना ऐसे सदस्यो की आर्थिक सहायता करना जो अपनी जीविका को विमारी दुर्घटना वृद्वावस्था सहायता देने के लिए एक स्थायी कोष स्थापित करना एकता की भावना का निर्माण करना
- श्रमिको में एकता की भावना का निर्माण और उनमें मैत्रीपूर्ण सम्बंध स्थापित करना
- उचित वेतन तथा उनकी वृद्धि श्रम संघो का उद्देश्यो यह है कि वे अपने सदस्यो को उचित वेतन दिलवाये तथा उनमें वृद्धि करे तथा उन्हें बनाएं रखे
- श्रमिको की नौकरी सुरक्षित बनी रहने का विश्वास दिलाना श्रमसंघो की स्थापना का प्रमुख उद्देश्य यह है कि ये अपने सदस्यो नौकरी या काम सुरक्षित बने रहने का विश्वास दिलायें संघो का जीवन अस्तित्व ही उनके इस उद्देश्य की सफलता पर निर्भर करतें है।

- कार्य क्षमता को बढाना श्रम संघो का सदस्यों की कार्य करने की दशाओं में सुधार करके उनकी कार्यक्षमता में वृद्धि करना कार्य करने दशाओं में सुधार से तात्पर्य कार्य के घण्टो को कम करना कारखाने के अंदर सफाई करना मशीनो मे होने वाली दुर्धटनाओं के विरूद्व सुरक्षात्मक कार्य कराना तथा संवेदन छुट्टियो दिलाने का प्रयास करना आदि से है।

श्रम संघो से लाभ

मानसिक विकास होना – श्रमिक संघ अपने सदस्यो को चिकित्सा मनोरंजन तथा अन्य सामाजिक सुविधाए प्रदान करतें है। जिससे श्रमिको को मानसिक संतुष्टि प्राप्त होती है। बातो को सोच सकता है। इस प्रकार श्रमिको का मानसिक दृष्टिकोण विकसित होता है।

औद्योगिक उत्पादन में हानि नही होती – श्रम संघ श्रमिक वर्ग या पूँजी वर्ग के आपसी झगडो या मतभेदो को शांतिपूर्ण तरीको से तय करने की चेष्टा करतें है। इससे उत्पादन कार्य सुचारू रूप से चलता है। और देश के औद्योगिक उत्पादन की हानि नही होती

राजनीतिक प्रभुत्व – श्रम संघ श्रमिको की आवाज सरकार तक पहुॅचाने की दृष्टि से चुनाव मे अपने प्रतिनिधियो को खड़ा करते है। और इस प्रकार लोकसभा में श्रमिको का नेतृत्व करते है। और इस प्रकार लोकसभा में श्रमिको का नेतृत्व करतें है। फलतः सरकार को भी उनकी दृष्टि पर विचार करना पड़ता है। और यह नियम आदि बनाकर श्रमिको को सुविधाएं प्रदान करने का प्रयत्न करती है।

नैतिक उन्नति होना – श्रम संघ सदस्यो को शिक्षा दिलाकर उनकी मानसिक वुद्धि का विकास करतें है। इसके अतिरिक्त वे उनको संगठित होने पर अनुशासन में रहने की शिक्षा देतें है। इस प्रकार श्रमिको की नैतिक उन्नति होती है।

श्रमिका के अधिकारो की रक्षा करना – श्रम संघ श्रमिको के अधिकारों की रक्षा करता है। और आवश्यकता पडने पर उनके लिए संघर्ष करता है श्रमिको को उचित मजदूरी दिलाने का प्रयत्न करता है। और इस प्रकार श्रमिको को उचित पुरस्कार प्राप्त होता है। तो यें मन लगाकर काम करतें है। जिससे उत्पादन भी अधिक होता है।

एकता की भावना जाग्रता करना – श्रम संघो सें श्रमिको के हृदय में एकता की भावना का उदय होता है। उनमें परस्पर बधुत्व की भावना में वृद्धि एवं मित्रता एवं सहयोग की भावना का विकास होता है। फलत श्रमिको की नियोक्ता से सौदा करने की शक्ति बढ़ जाती है। जिससे नियोक्ता शोषण नही कर पातें

जीवन स्तर का ऊचा होना – श्रम संघ श्रमिको की शारीरिक मानसिक आर्थिक एवं सामाजिक दशा सुधार की दृष्टि से सतत प्रयत्नशील रहतें है। जिससे श्रमिको का जीवन स्तर उच्च बनाया जाता है। और उनकी कार्यक्षमता में वृद्धि हो जाती है।

श्रम संघो से हानियां

1. समाज की हानि – राष्ट्रीय उत्पादन कम हो जाने से वस्तुओं के मूल्य बढ जातें है। फलस्वरूप उपभोक्तागण अधिक वस्तुओं का उपभोग नही कर पातें है और उनके रहन सहन का स्तर गिर जाता है।

2. प्रशासन में असुविधा – कभी कभी श्रम संघो के नेताओ के मतभेद के कारण श्रम संबंधी योजनाओ असफल हो जाती है। इनके कारण प्रशासन असुविधा होती है।

3. औद्योगिक प्रगति में बाधा – श्रम संघ उद्योगो में विवेकीकरण या उत्पादन के विकसित साधनो को लागू करने का विरोध करतें है। यें प्राय मंद गति कार्य करने की नीति का समर्थन करतें है। जिससे औद्योगिक प्रगति में बाधा उपस्थित होती है। और राष्ट्रीय लाभांश भी कम होता है।

4. श्रमिक संगठन के अस्तित्व को हानि– श्रमिक संघो के विभिन्न नेताओं में आपस में पद लोलुपता के लिए झगडे हुआ करतें है। इससे श्रमिक संगठन के आंदोलन की जडे कमजोर हो जाती है। और श्रमिक वर्ग का अहित होता है।

5. औद्योगिक शांति– प्रायः श्रम संघो के नेता आपनी स्वार्थ सिद्ध के लिए श्रमिको को भडका कर हडताल लिए प्रेरित करतें है। फलत औद्योगिक अशांति उत्पन्न होती है और इस प्रकार राष्ट्रीय उत्पन्न होती है। और इस प्रकार राष्ट्रीय उत्पादन को भी क्षति उनके बीच की दूरी अधिक हो जाती है।

6. साम्यवाद को बढावा – श्रमिक संघ से साम्यवाद को पर्याप्त बढावा मिलता है। इसका सर्वोत्तम उदाहरण हमे रूस से प्राप्त होता है। भारतीय श्रम संघ आंदोलन की समस्याएं कठिनाइयां व दोष यद्यपि हमारे देश में द्वितीय महायुद्व स अब तक श्रम संघ मे काफी उन्नति कर ली है। फिर इसके विकास के मार्ग मे कुछ बाधाएं है। जो निम्न है।

1. नियोक्ताओं का विरोध – श्रम संघो के विकास में नियोक्ता बाधक होतें है। क्योकि श्रम संघो के सदस्य श्रमिको को तरह तरह से परेशान करतें है एवं उनकी प्रगति में बाधा उत्पन्न करतें है। फलस्वरूप श्रमिको को इन परेशानियों से बचाने के लिए श्रमिक श्रम संघो नियोक्ता और शासन इन चारो को ही प्रयत्न करना होगा

2. रचनात्मक कार्यो का अभाव – भारत कार्य में ही व्यस्त रहतें है। रचनात्मक कल्याण सम्बन्धी कार्यो जैसे शिक्षा चिकित्सा व मनोरंजन आदि की ओर उनका ध्यान अभी तक नही गया है। जिसके अभाव में श्रमिक संघ श्रमिको को अपनी ओर आकर्षित करने में असफल रहें 3. धीमा औद्योगिक विकास – श्रमिक संघो की प्रगति में सबसे बड़ी बाधा यहाँ का धीमा औधोगिक विकास है। यह कहने की आवश्यकता नही प्रतीत होती है। कि इंग्लैण्ड आदि उन्नतिशील देशो की अपेक्षा हमारे देश में औद्योगिक उन्नति बहुत धीमी रही हे। औद्योगिक विकास के साथ संघो का विकास भी जुड़ा रहता है। यही कारण है कि हमारे देश में श्रम संघो का उदय व विकास इंग्लैण्ड में अमेरिका आदि देश से बहुत दिनो पश्चात हुआ है। एक तो देश का प्रमुख उद्योग कृषि है। तथा दूसरा देश की राजनैतिक पराधीनता में अधिकांश श्रमिक संघ केवल संघर्षत्मिक

4. छोटे छोटे दुर्बल संघ – भारत मे श्रमिक संघो का आकार बहुत छोटा है। तथा उनके पास साधनो का नितान्त अभाव होता है अतः वे नियोजको को प्रभावित्त करने में असमर्थ होते है।

5. स्थायी श्रमिक वर्ग का अभाव – भारतीय कारखानो मे काम करने वाले श्रमिक प्राय गांव से बेरोजगारी के समय शहर मे आ जाते है। जब फसल का समय आता है। तो वे गाँव वापस चले जाते है जिसके कारण वे श्रमिक संघो वे श्रमिक संघो के कार्य मे स्थायी रूप से उत्साह नही लेतें उनका तन कारखाने मे एवं मन गॉव मे रहता है।

6. भर्ती की दोषपूर्ण प्रणाली– औद्योगिक श्रमिकों की भर्ती महयस्थो के द्वारा की जाती है ये महयस्थ क्रांतिकारी विचारो वाले श्रमिको की भर्ती की नही करतें ये लोग श्रमिक संघवाद कोविरोधी होतें है।

7. धन की कमी– भारतीय श्रमिको की मजदूरी कम होने के कारण अनेक इसके सदस्य नही और जो होते है। वे नियमित रूप से चंदा नही दे पातें है। दूसरे चंदा वसूल करने मे नियोक्ता किसी प्रकार का सहयोग नही देतें इसके कारण श्रम संघो के पास अपना कार्य चालने के लिए आर्थिक साधनो की कमी रहती है और उनका विकास नही होने पाता

8. नियोक्ता द्वारा भष्टाचार– नियोक्ता श्रम संघ के पदाधिकारियो को रिश्वत देकर अपनी ओर मिलाने का प्रयत्न करतें है। इसके लिए वे इसके लिए वे श्रमिक नेताओ को अनेक लालच देतें है श्रम संघ अधिक शक्तिशाली नही हो पाता

9. शिक्षा का अभाव– भारतीय श्रमिक विशेषतः अशिक्षित एवं अज्ञानी होने के कारण श्रम संघो एक सामूहिक समझौतें का महत्व नही समझातें व उनका उचित प्रयोग करने मे असमर्थ रहतें है तथा श्रम संगठन कैसे किया जायें इसके चाहिए आदि बहुत सी बातो को समझाने व करने में भी असमर्थ रहतें है।

10. कानून का अभाव – भारतीय श्रम संघो की धीमी प्रगति का एक महत्वपूर्ण कारण सरकार की ओर से उदासीनता रही है। श्रम संगठन के विकास तथा उनको शाक्तिशाली बनाने हेतु भारतीय सरकार ने कानून कोई विशेष कदम नहीं उठाए है। इंग्लैण्ड में प्रथम संघ 1857 में बनाया जा चुका था जबकि भारत में प्रथम ट्रेड यूनियन एक्ट1928 में पास हुआ था

11. काम का समय अधिक होना– श्रमिको का जीवन आज भी अधिकार ऐसा है। कि अपने काम के सिवाय उन्हें अन्य बातो को सोचने का अवकाश ही नही मिलता इससे न तो वे श्रम के महत्व एवं उनके कार्यो को समझ पाने है और न ही उनकी मदद करतें है।

12. श्रम का विस्तृत क्षेत्र– देश के श्रमिक एक बड़े क्षेत्र में फैले हुए है। और कुछ दशाओं तक पहुँचना भी सम्भव नही हो पाता है। उदाहरण स्वरूप असम के चाय उद्यान बहुत कठिन हो जाता है। और उनको सरलता के साथ दबाया जा सकता है। इस प्रकार श्रमिको तथा सूचनाओं का पहुॅचाना भी श्रमिक संघो के मार्ग में बाधात्मक होता है।

13. भाषा धर्म रीति रिवाजो आदि की विभिन्नताः – भारतीय श्रमिक वर्ग विभिन्न प्रकार की धर्मावलम्बी विचार धाराओं रीति रिवाजों और आदतों का मिश्रण है। इसके लिये उनके संगठित होने में बाधा आती है।

14. बेरोजगारी की समस्या– भारतीय श्रम संघ की एक अन्य कमजोरी भारत की बेरोजगारी की समस्या है। श्रमिक को सदैव इस बात का डर रहता है। कि यदि वे श्रम संघो में क्रियात्मक ढंग से भाग लेतें है। तों वे निकाल दिये जायेगे इसके साथ ही नियोक्ताओं को श्रमिकों को काम से निकालने में कोई विशेष चिंता नही रहती है। क्योकि श्रम पूर्ति की अधिकतम के कारण उन्हें सरलतापूर्वक मनचाहें श्रमिक मिल जातें है।

15. श्रमिक मे नेतत्व की कमी – भारत में श्रमिक आंदोलन की सबसे बडी ऋटि है। अच्छे नेताओं का अभाव भारतीय श्रमिक के अशिक्षित होने के कारण श्रमिक संघो के नेता ऐसे लोग होतें है। जो न तो श्रम जीवन की समस्याओं की समझतें है और न औद्योगिक आवश्यकताओं को इतना ही नही अनेक नेता उद्देश्य प्राप्त करने के लिए संघो का नेतृत्व करतें है। श्रमिक संघ की बाधाओं को दूर करने के लिए तथा शाक्तिशाली बनाने के लिए श्रमिक नियोक्ता श्रमिक शासन तथा श्रम संघ चारो को ही प्रयत्न करना होगा ।

नियोक्ताः– नियोक्ता को चाहिए कि वे श्रमिको की दशाओं में उन्नति करने का प्रयत्न करे जिससे श्रमिक स्वामी के रूप में कारखाने में रहें वे श्रमिकों के लिए शिक्षा आदि का प्रबंध करे उन्हें चााहि एक वे श्रमिक संघ के महत्व को समझें एवं उन्हें मान्यता दे क्योकि ऐसा करने से औद्योगिक शांति स्थापित हो सकेगी और साथ ही औद्योगिक शांति स्थापित हो सकेगी और साथ ही औद्योगिक उत्पादन बढेगा जिससे उन्हें भी लाभ होगा

श्रमिक यह आवश्यक है कि श्रमिक अपनी अज्ञानता की छोडे और अपने अधिकारी और कर्तव्यो को समझे उन्हे अपनाया छोड देना चाहिए और अन्य के साथ सदभावना रखना चाहिए इस प्रकार की भावनायें यदि उनमे उत्पन्न हो जाता है। तो यह निश्चित है कि राजनीतिक दल बाह्य होकर अनका नेतृत्व छोड देगे श्रमिको को संघो का नेतृत्व ग्रहण करना चाहिए

शासन – शासन को चाहिए कि वह श्रमिको के लिए पर्याप्त संख्या में भवन बनवायें जिससे कि श्रमिक स्थायी रूप से औद्योकिग केंन्द्र में रह सके श्रमिको को नेतृत्व करने की शिक्षा दे तथा अपनी श्रम नीति ऐसी रखे जिससे श्रमिक एवं श्रम संघो का विकास हो

श्रम संघ – तभी तक भारतीय श्रम संघ का उद्देश्य केवल हडताले करना और उनके संगठन बनायें रखने तक ही सीमित रहा है। उन्होने श्रमिको की शारीरीक मानसिक और आर्थिक उन्नति की ओर ध्यान नही दिया है। अतः आवश्यक है कि श्रम सघं श्रमिको में शिक्षा प्रचार करे ताकि वे अपने कर्तव्यो का पालन ठीक प्रकार से कर सके तथा उनको ज्ञात हो जाय कि मजदूर संघ का सदस्य होने से उनको क्या लाभ होगा उन्हें श्रम कल्याण करनी चाहिए आज तो श्रम संघ की पाँच केन्द्रीय संस्थायें है। वे अपनी शक्ति को साधारणतः एक दूसरे से लडने तथा एक दूसरे की समस्या छीनने पर ही व्यय करती है। श्रम कल्याण कार्य बहुत ही कम किया जाता है। कुछ सामान्य सिद्वांतो पर भी केन्द्रीय संघ मिलकर काम करें।

Required Readings

- डॉ० आर० एस० कुलश्रेष्ठ – औंद्योगिक अर्थशास्त्र (साहित्य भवन पविलकेशन) झ डॉ० आर० सी० अग्रवाल – मानव संसाधन प्रबंधन (एस०बी०पी०डी० पविलकेशनस हाउस)
- डॉ०पी० आर० एन० सिन्हा एवं इंदूबालाः– श्रम एवं समाज कल्याण (भारतीय भवन पविलकेशन)
- डॉ० आर० के सिंह डॉ अमित कुमार सिंह– मानव संसाधन प्रबंध (आस्था पविलकेशन)
- डॉ0 गोपालकृष्ण अग्रवाल डॉ० मनोज छपडियां – औद्योगिक समाजशास्त्र (साहित्य भवन पविलकेशन)
- डॉ० डी० एस० बधेल – उद्योग और समाज (कैलाश पुस्तक सदन भोपाल) झ डॉ० आर० पी० शर्मा डॉ० अजय सिंह राठौर – औद्योगिक समाजशास्त्र (रिसर्च पविलकेशन्स जयपूर)
- बी0 एन0 बी0 पविलकेशन – श्रम कल्याण तथा विद्यायन



Center for Distance Learning & Continuing Education
MAHATMA GANDHI CHITRAKOOT GRAMODAYA VISHWAVIDYALAYA
Chitrakoot, Satna (M.P.) 485334
E-mail : directordistancemgcgv@gmail.com